जांची तैयारी

बलूनी क्लासेस में आल इंडिया टेस्ट सीरीज के लिए परीक्षा देते छात्र। इस के जरिए छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी को परखने का मौका मिला।

आईआईटी रुड़की को आईसीटी लीडर अवार्ड

नेशनल उत्तराखंड एजूकेशन अवार्ड समारोह

नेशनल उत्तराखंड एजुकेशन आवार्ड कार्यक्रम में पुरस्कृत संस्थानों के अधिकारी सीएम विजय बहुगुणा संग।

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।। सीएमएआई (कम्युनिकेशन, मल्टीमीडिया एंड इंफ्रास्ट्रक्चर) एसोसिएशन और उत्तराखंड तकनीकी विवि की ओर से आयोजित उत्तराखंड एजूकेशन अवार्ड समारोह में 12 तकनीकी संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। सर्वे ऑडिटोरियम हाथी बड़कला में समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने किया। उन्होंने प्रदेश में स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया। उन्होंने सीमावर्ती और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में इंजीनियरिंग संस्थान खोलने की बात कही।

अवार्ड के लिए संस्थानों का चयन यूटीयू से संबद्ध सभी कालेजों में से किया गया। समारोह में हुई वाद विवाद प्रतियोगिता में विजयी रहे हेमंत कुकरेजा और निकिता को भी सम्मानित किया गया। समारोह में सीएमएआई के अध्यक्ष एन के गोयल, विधायक सुबोध उनियाल, राजकुमार, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, यूटीयू के कुलपति प्रो दुर्ग सिंह चौहान, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव आरसी पाठक, एआईसीटीई के उपसचिव आर एस राठौर व आईआईटी रुड़की के उप निदेशक प्रो.एसपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

इन संस्थानों को मिला पुरस्कार

श्रेणी	संस्थान का नाम
पायनियर आईसीटी लीडर	आईआईटी रुड़की
बेस्ट इंजीनियरिंग कालेज	जीबी पंत इंजीनियरिंग कालेज
बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूट	उत्तरांचल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी
बेस्ट टेक्निकल इंस्टीट्यूट	रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
बेस्ट रिजल्ट	इंस्टीट्यूट कालेज ऑफ इंजीनियरिंग रुड़की
एक्सीलेन्सी इन क्रिएटिव कोर्सेज	मिनर्वा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट
बेस्ट अपकमिंग इंजीनियरिंग कालेज	रुड़की इंजीनियरिंग कालेज
एक्सीलेन्स इन होटल मैनेजमेंट कोर्स	माया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट
बेस्ट इंडस्ट्री इंटरफेस	शिवालिक कालेज ऑफ टेक्नोलॉजी
एक्सीलेन्सी इनोवेटिव इंस्टीट्यूट	कालेज ऑफ टेक्नोलॉजी पंतनगर
बेस्ट इनोवेटिव इंस्टीट्यूट	देहरादून इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी
उत्तराखंड बेस्ट इमरजिंग प्री-स्कूल	यूरो किड्स स्कूल

टेस्ट सीरीज में जुटी छात्रों की भीड़

देहरादून। मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान बलूनी क्लासेज की ओर से आल इंडिया टेस्ट सीरीज का प्रथम टेस्ट 11 फरवरी को संपन्न हुआ। इसमें 6255 छात्र शामिल हुए। यह टेस्ट सीरीज 11 अप्रैल तक चलेगी। डा. बलूनी ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन डा. नवीन बलूनी के मुताबिक यह टेस्ट सीरीज उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड व दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इसमें कुल 30 टेस्ट शामिल हैं। अकादमिक निदेशक अनिल पटेल ने बताया कि इस सीरीज से छात्रों को सिलेबस रिवीजन करने का अवसर प्राप्त होगा। संस्थान में मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए 21, 23, 25 मार्च से क्रैश कोर्स शुरू होंगे, जिसमें 20 फरवरी तक पंजीकरण कराने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। *ब्यूरो*

वेलेंटाईन डे वीक के प्रामिस डे पर दिन तौहफा खरीदती युवती।

साथ निभाना साथिया

अमर उजाला ब्यूरो

- प्रॉमिस डे पर युवाओं ने खूब किए वादे

देहरादून। वेलेंटाइन वीक की कड़ी में सोमवार को युवाओं ने पूरे जोश के साथ प्रॉमिस डे मनाया। सुबह से ही शहर के पार्कों, रेस्टोरेंटों में युवा जुटे नजर आए। एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए हमेशा साथ निभाने का वादा करते युवा उत्साहित दिखे। गांधी पार्क पहुंचे सेलाकुई निवासी छात्र मुकेश ने बताया कि उन्होंने अपनी साथी को हमेशा सुख और दुख के लम्हों में साथ निभाने का प्रॉमिस किया है। एक कंपनी में कार्यरत विवेक ने बताया कि उन्होंने प्रेमिका को एक घड़ी गिफ्ट कर प्रॉमिस डे मनाया है। कई युवाओं ने गिफ्ट लेकर भी अपने साथियों के साथ वादा किया।

गिफ्ट का बाजार गर्म

वेलेंटाइन वीक की शुरुआत के साथ ही गिफ्ट का बाजार भी गर्म हो गया है। उपहार के बाजार में 50 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। चॉकलेट, घड़ी, रिस्ट वॉच, फ्रेंडशिप बैंड जैसे कई उपहार युवाओं के पसंदीदा बने हुए हैं।

हग डे

गम हो या खुशी, सफलता हो या हार, सारी भावनाओं को एक्सप्रेस करने के लिए हम हग यानि गले लगने का सहारा लेते ही हैं।

बड़े काम की, जादू की झप्पी: कोई अपना अगर प्यार से गले लगा ले तो सारे गम दूर हो जाते हैं, मौका खुशी का हो तो वह बढ़ जाती है। इतनी जादू भरी होती है यह जादू की झप्पी।

झप्पी मिटाए दूरियां: गले लगाने के वैज्ञानिक पहलू भी हैं, इससे अपनापन बढ़ता है और सकारात्मक विचार मन में आते हैं। यह रिश्तों को भी मजबूत करता है।

दर्द भगाए, तनाव घटाए: अगर आपका पार्टनर तनाव या किसी तरह के दर्द से गुजर रहा है, तो उसे गले लगाकर आप उसे बेटर फील करवा सकते हैं। गले लगने व स्पर्श में तनाव व दर्द को कम करने के साथ ही ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की भी क्षमता होती है।

हार्मोन में बदलाव : गले लगाने के दौरान शरीर के हार्मोन में बदलाव होने लगता है। गुस्से को बढ़ाने वाला हार्मोन टेस्टेस्टरॉन कम होने लगता है और ऑक्सीटोसिन हार्मोन का लेवल बढ़ता है। इससे तनाव और बेचैनी कम होती है, गुस्सा शांत हो जाता है।

बरतें सावधानी : उसी को गले लगाएं, जिसे बहुत करीब से जानते हों, गले लगने वाले व्यक्ति अगर एक दूसरे को नहीं जानते तो इसका कोई फायदा नहीं मिलता उल्टे इससे बेचैनी बढ़ जाती है।

वेलेंटाइन वीक स्पेशल

शिक्षकों की गैरहाजिरी पर मांगा स्पष्टीकरण

- डीएवी में व्यवस्थाओं की पड़ताल शुरू
- सिटी मजिस्ट्रेट ने लिया कालेज का जायजा

डीएवी पीजी कॉलेज में निरिक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट हरक सिंह रावत।

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। छात्र नेताओं की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट हरक सिंह रावत ने सोमवार को डीएवी पीजी कॉलेज में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं समेत सभी विभागों का निरीक्षण किया। कई शिक्षकों की लगातार अनुपस्थिति पर उन्होंने प्राचार्य से स्पष्टीकरण भी मांगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्राचार्य मंगलवार को इस मामले पर अपना जवाब देंगे। जांच के दौरान उन्होंने कालेज प्रशासन को सुझाव भी दिए। गौरतलब है कि कुछ छात्र नेताओं ने कालेज में बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर डीएम बीवीआरसी पुरुषोत्तम से शिकायत की थी। इस पर डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच कर एक महीने में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

32000 छात्र, 130 शिक्षक

32000 छात्र और शिक्षक सिर्फ 130, परेशानी तो होगी ही। प्राचार्य के मुताबिक कालेज में 1975 में 4500 छात्रों के लिए जो शिक्षक संख्या थी, उसमें 25 साल पहले होईकोर्ट के आदेश पर 22 शिक्षकों की बढ़ोत्तरी हुई थी। तब से शिक्षक संख्या 150 बनी हुई है जिनमें से 130 शिक्षक ही मौजूद हैं। 20 शिक्षक रिटायर हो चुके हैं। 1997 में डीएवी को 12500 अनुमन्य छात्र संख्या मिलने के बाद सरकार ने 93 नए शिक्षकों की भर्ती की संस्तुति की थी, लेकिन भर्ती आज तक नहीं हो पाई है। यूजीसी के 2009 के सर्कुलर पर गौर करें तो पीजी कोर्स में प्रति दस छात्र एक शिक्षक व यूजी कोर्स में प्रति 25 छात्र एक शिक्षक होना चाहिए।

ओएनजीसी देगा 19.9 लाख

देहरादून। डीएवी कालेज में बैडमिंटन हाल के पुनरुद्धार के लिए ओएनजीसी की ओर से 19.9 लाख रुपये दिए जाएंगे। सोमवार को प्रमुख सचिव राकेश कुमार का पत्र मिलने के बाद कालेज प्राचार्य डा. देवेंद्र भसीन ने ओएनजीसी के एचआर निदेशक डीबी मिश्रा से मुलाकात की। उन्हें उम्मीद है जल्द यह कार्य शुरू हो जाएगा।

हम प्रशासन की जांच का स्वागत करते हैं। इससे कालेज की दिक्कतें भी सामने आएंगी। व्यवस्था सुधार की दिशा में इस जांच को सही कदम कहा जा सकता है।**-डा. देवेंद्र भसीन,** प्राचार्य, डीएवी कालेज

एशियन फुटबाल कैंप में राज्य के चार खिलाड़ी

अमर उजाला ब्यूरो

रोहित नेगी | अमन कुमार | ललित तड़ियाल

देहरादून। उत्तराखंड से चार खिलाड़ी एशियन स्कूल फुटबाल चैंपियनशिप के लिए लगने वाले कैंप के लिए चुने गए हैं। इनमें तीन महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के हैं। जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, उनमें अमन कुमार, ललित और रोहित नेगी शामिल हैं।

स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया यानी एसजीएफआई की ओर से इस संबंध में एक पत्र प्रदेश के शिक्षा निदेशक को भी भेजा गया है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के प्राचार्य मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सचिव एसजीएफआई का पत्र कालेज पहुंचा है। कैंप शुरू होने की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। उन्होंने इन खिलाड़ियों के लिए एशियन स्कूल फुटबाल चैंपियनशिप के लिए चयन को बड़ी उपलब्धि करार दिया। कहा कि पहले भी कालेज के कई खिलाड़ी मोहन बागान जैसी प्रतिष्ठित टीमों के लिए खेल चुके हैं।

खुशहाली कृषि केंद्र

आवश्यकता है

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक : योग्यता : MBA (Agri- Business)1-2 वर्ष के अनुभवी को वरीयता
केंद्र प्रभारी : योग्यता : स्नातक/परास्नातक (कृषि)/ZBC 4-5 वर्ष के अनुभवी को वरीयता
कृषि सलाहकार : योग्यता : स्नातक/परास्नातक (कृषि)/ZBC, ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने में रुचि।
लेखाकार : योग्यता : स्नातक/परास्नातक (वाणिज्य/कला) तथा कम्प्यूटर ज्ञान अति आवश्यक।
साक्षात्कार विवरण : दिनांक : 15 एवं 16 फरवरी, 2013, **स्थान :** हाइड्रिक फार्म इनपुट्स लि., 34 रोहतास इनक्लेव, रविन्द्रपल्ली, फैजाबाद रोड, लखनऊ (यू.पी.)
समय : प्रातः10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक।
दूरभाष : 9307589310, 7388802260 E-mail-hydric@khushali.org

रुद्र क्रिकेट क्लब 24 रन से जीता

देहरादून। जिला क्रिकेट लीग सर्वे मैदान पर रुद्र क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 8 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में फाइव स्टार क्लब शानदार शुरुआत के बाद भी 25वें ओवर में 137 रन पर सिमट गई। रुद्र क्रिकेट क्लब केलिए राजदीप ने पांच और संदीप ने तीन विकेट झटके। *ब्यूरो*

शेरान लोन ने मन मोहा

देहरादून। स्पिक मैके के कार्यक्रमों की श्रृंखला के आखिरी दिन अंतर्राष्ट्रीय नृत्यांगना शेरान लोन ने नृत्य की विभिन्न विधाओं से दर्शकों को रूबरू कराया। सुबह दून ग्लोबल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भक्ति स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद चार सुरों पर बनी कविता लवानी पर प्रस्तुति देकर सबको मोहित कर दिया। उड़ीसी नृत्य विधा में जब उन्होंने मोक्ष का प्रस्तुतिकरण किया तो सबने तालियों से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कुछ बच्चों को मंच पर बुलाकर नृत्य की बारीकियां भी सिखाईं। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन अंकित अग्रवाल और प्राचार्य अनूप सिंह सहित भारी संख्या में छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में शेरान ने आईएमएस(इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) में अपनी प्रस्तुति दी। यहां उनका ओमकारा नृत्य काफी सराहा गया। इस मौके पर डीन डा. वीके जैन, प्रो राजीव श्रीवास्तव, डा.टीएन प्रसाद, प्रो. स्वाति बिष्ट, रजिस्ट्रार अजय पोद्दार, प्रो. आनंद सिंह और पूजा वशिष्ट आदि मौजूद रहे। *ब्यूरो*

सार्वजनिक सूचना

आम लोगों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वाल-मार्ट द्वारा भारत में 2008 से किए गए लॉबिंग गतिविधियों पर लगभग 25 मिलियन डॉलर (लगभग 125 करोड़ रुपए) व्यय करने की अमेरिकी संसद में की गई अपनी घोषणा के संबंधित मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए सरकार ने इस मामले की जांच एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाने का आश्वासन संसद में दिया था।

2. इस आश्वासन के अनुसरण में सरकार ने वाल मार्ट की लॉबिंग गतिविधियों पर मीडिया रिपोर्टों की जांच हेतु निम्नलिखित विचारार्थ विषयों के साथ न्यायमूर्ति मुकुल मुदगल, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच समिति नियुक्त की है।

(क) वॉल मार्ट द्वारा उनके भारत में लॉबिंग कार्यकलापों और उसके विवरण, यदि कोई हो, के बारे में अमेरिकी संसद के समक्ष प्रकटीकरण संबंधी हाल की मीडिया रिपोर्टों की जांच करना।

(ख) क्या वॉल मार्ट ने किसी भारतीय कानून का उल्लंघन करते हुए भारत में कोई कार्यकलाप शुरू किए हैं।

(ग) उससे संबंधित अथवा प्रासंगिक अन्य कोई मामला।

3. समिति को तीन माह के भीतर अपना प्रतिवेदन जमा करना है।

4. आम लोगों को एतद्दवारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त विचारार्थ विषयों से संबंधित कोई सूचना, दस्तावेज सहित, यदि कोई हो, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर मुझे कमरा संख्या-213, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली पर भेजें। सूचना ई-मेल पता wmcommittee-mca@nic.in पर भी दी जा सकती है।

(बी.के. एल. श्रीवास्तव)
संयोजक
वाल-मार्ट जांच समिति
दूरभाष : 011-23022031

डीएवीपी 07101/11/0038/1213

कानून का प्रहरी बनने की आपकी इच्छा हो तो कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (CLAT) पर नजर डालें। इस एंट्रेंस टेस्ट में मिली सफलता से ही देश के चौदह प्रमुख लॉ यूनिवर्सिटी में दाखिले से संबंधित आपकी योग्यता का निर्धारण होता है। इस साल इस परीक्षा का संचालन हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एच.एन.एल. यूनिवर्सिटी), रायपुर द्वारा किया जा रहा है...

पढ़ें **13 फरवरी, 2013** का अंक

विज्ञापन सं. इसरो मु.: आईसीआरबी: 01:2013 दिनांक 12.02.2013

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
अन्तरिक्ष विभाग, भारत सरकार
इसरो केन्द्रीकृत भर्ती बोर्ड (आई.सी.आर.बी.)

इलेक्ट्रानिकी, मेकेनिकल व कम्प्यूटर विज्ञान में BE/BTech या इसके समान की स्नातक की उपाधि प्राप्तकर्ता वैज्ञानिक/इंजीनियर ''एस सी'' के पद के लिए वार्षिक भर्ती

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) समाज के लाभार्थ अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग में और अन्तरिक्ष परिवहन प्रणाली एवं उपग्रहों के डिजाइन एवं विकास हेतु क्षमता का स्वदेशी रूप से विकास करने में आत्मनिर्भरता हासिल करते हुए राष्ट्र की सेवा में कार्यरत है।

इसरो युवा स्नातकों को निम्नलिखित विशिष्ट क्षेत्रों में रु 5,400/- के श्रेणी वेतन वाले रु15,600 - 39100/- के वेतन बैण्ड में वैज्ञानिक/इंजीनियर ''एस सी'' के पद प्रदान कर रहा है:-

पद सं BE 001 - वैज्ञानिक/इंजीनियर ''एस सी'' (इलेक्ट्रानिकी)
पद सं BE 002 - वैज्ञानिक/इंजीनियर ''एस सी'' (मेकानिकल)
पद सं BE 003 - वैज्ञानिक/इंजीनियर ''एस सी'' (कम्प्यूटर विज्ञान)

योग्यता: प्रथम श्रेणी में B.E./B.Tech अथवा इसके समान उपाधि जिसमें कुल न्यूनतम 65% अंक प्राप्त हों (सभी सेमीस्टरों, जिनका परिणाम उपलब्ध है, का औसत)। जो अभ्यर्थी शैक्षणिक वर्ष 2012-13 में B.E./B.Tech का पाठ्यक्रम पूरा करने जा रहे हैं, भी आवेदन कर सकते हैं बशर्ते 31.08.2013 तक अंतिम उपाधि प्राप्त कर लें। चयनित अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा 05.05.2013 को 10 स्थानों में आयोजित की जाएगी।

आयु सीमा: 04.03.2013 को 35 वर्ष। भूतपूर्व सैनिक तथा विकलाँग व्यक्तियों के लिये भारत सरकार के आदेश के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी। विकलाँग व्यक्तियों के लिये उपरोक्त पदों पर लागू सीमा तक आरक्षण दिया जायेगा।

आवेदन करने की विधि: आवेदन केवल ऑन-लाइन ही प्राप्त किया जायेगा। ऑन-लाइन रजिस्ट्रेशन के लिये विज्ञापन और आवेदन-प्रपत्र दि: 12.02.2013 से 04.03.2013 तक इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे।

आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तारीख 04.03.2013

लिखित परीक्षा- 05.05.2013 (रविवार)

आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.isro.gov.in देखें।

नहीं सहना पड़ेगा...
पुराने से पुराना जोड़ों का दर्द

आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट डा. आर्थो तेल एवं कैप्सूल का 45 दिन का कोर्स, जोड़ों के पुराने से पुराने दर्द, कमर दर्द, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कलाई दर्द इत्यादि को अंदर से कम करने में सहायक है। आयुर्वेदिक डा. आर्थो तेल एवं कैप्सूल में मौजूद शुद्ध जड़ी-बूटियों का मिश्रण रोगायुक्त सूजन और दर्द भरे जोड़ों के लिए अत्यंत लाभकारी है व उनमें नए बल का संचार करता है।

Dr. Ortho™
Ayurvedic Oil & Capsules
Consumer Care : 0171-3055100
Available at all leading medical stores

मैंने अपनाया, दर्द से निज़ात पाया

मेरा नाम निर्मला, उम्र 54 वर्ष, घेल की रहने वाली हूं। मैं एक प्राईवेट कम्पनी में काम करती हूँ। कम्पनी घर से दूर है, जिस वजह से मुझे ऑटो रिक्शा से जाना पड़ता और पैदल भी चलना पड़ता था। परंतु मेरा शरीर तो मानो पूरा तरह रह गया था। ऑटो में चढ़ना-उतरना या दफ्तर की सीढ़ियां चढ़ना ही तोड़ देता था। सारा दिन घुटनों में दर्द से तर्राटें निकलती थी। जब शरीर ही साथ न दे, तो कोई चीज अच्छी नहीं लगती। आए दिन दफ्तर में मेरा किसी न किसी से झगड़ा हो जाता था। मैं इस दर्द से इतनी परेशान थी, कि जिंदगी जहन्नुम लगती थी। परन्तु आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट डा. ऑर्थो तेल व कैप्सूल ने जैसे मेरी जिंदगी बदल दी। आज मैं बिल्कुल ठीक हूं और सब कहते हैं कि निर्मला आंटी बहुत खुश मिज़ाज हो गई हैं।